व्याख्या- राजस्थान सरकार ने सरकारी अस्पतालों में बीमारी की निगरानी और टेली-मेडिसिन सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु निदान नामक एक नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया है। यह सॉफ्टवेयर मौसमी और गैर-संक्रमणीय बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पाए जाने वाली बीमारियों के निदान तथा क्षेत्रों में पाए जाने वाली बीमारियों के निदान तथा निगरानी प्रदान करने में मदद करेगा। निदान सॉफ्टवेयर विभिन्न संस्थाओं में उनके उपचार के लिए उपलब्ध 46 बीमारियों और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी के लिए ऑनलाइन प्रविष्टियों की सुविधा प्रदान करेगा।

(xvii) राजस्थान में सहकारिता

1809. स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में किस जिले को 'घर-आधारित नवजात देखभाल' (एच.बी.एन.सी.) के लिये सम्मानित किया गया?

(a) सीकर (b) जयपुर
(c) अलवर (d) अजमेर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : सीकर जिले को स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम 'घर-आधारित नवजात देखभाल' (HBNC) के लिये सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 माह से लेकर 15 माह तक के बच्चों को आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर देखभाल प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात मृत्यु दर में कमी लाने हेतु वर्ष 2011 से होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर (HBNC) कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जा रहा है।

1810. राजस्थान सरकार के किस विभाग में सार्वजनिक निजी सहभागिता परियोजनाओं में राज्य सरकार के प्रयासों के साथ समन्वय के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में 'सार्वजनिक निजी सहभागिता सेल' का गठन किया गया है?

(a) आयोजना विभाग (b) उद्योग विभाग
(c) वित्त विभाग (d) वाणिज्य विभाग

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : राजस्थान सरकार के आयोजना विभाग (Planning Department) के द्वारा 2007-08 में सार्वजनिक-निजी भागीदारी सेल (PPP Cell) की स्थापना की गयी, जिसमें राज्य सरकार को नोडल एजेंसी बनाया गया तथा इस सेल के द्वारा परियोजनाओं के विकास में हरसंभव मदद करने का प्रयास किया जायेगा।

1811. राजस्थान में आठवीं योजना में योजना परिव्यय 1,15,00 करोड़ रुपये में से अधिकतम राशि का प्रावधान किया गया है–

(a) कृषि एंव सम्बद्ध सेवाओं के लिए
(b) ऊर्जा क्षेत्र के लिए
(c) सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाओं के लिए
(d) ग्रामीण विकास के लिए

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—राजस्थान की आठवीं योजना (1992 से 1997 तक) में कुल 11500 करोड़ रूपए परिव्यय का लक्ष्य निर्धारित किया गया था परन्तु वास्तविक परिव्यय इससे अधिक 11998.97 करोड़ रुपए हुआ। आठवीं योजना के इस कुल परिव्यय में से सर्वाधिक राशि के परिव्यय का प्रावधान उर्जा के क्षेत्र में 3252.4 करोड़ था, जो कुल परिव्यय का 27 प्रतिशत था।

1812. राजीव आवास योजना (RAY) का मुख्य उद्देश्य है –

(a) गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों को निःशुल्क मकान प्रदान करना
(b) अनुसूचित जाति व जनजाति के परिवारों को निःशुल्क आवास प्रदान करना
(c) ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बनाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करना
(d) भारत को कच्ची बस्ती से मुक्त करना

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – 2 जून, 2011 को स्लम मुक्त भारत बनाने के लिए राजीव आवास योजना शुरू की गई। यह योजना उन राज्यों को आश्रय, पुनर्विकास तथा वहनीय आवास समूह के सृजन के लिए सहायता प्रदान करती है जो स्लमवासियों को सम्पत्ति का अधिकार प्रदान करने के इच्छुक हैं। निधि में केंद्र सरकार की ओर से 1000 करोड़ तथा राज्य सरकारों की ओर से 200 करोड़ रुपए की प्रारम्भिक आधारभूत राशि प्रदान की गयी।

(xviii) राजस्थान में पशुपालन

1813. 'कैप्टिव एनीमल स्पॉन्सरशिप स्कीम' का उद्देश्य है-

(a) गौऊशाला में गायों को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(b) जैविक उद्यानों के वन्यजीव को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(c) Adoption of the wildlife of the sanctuary to the general public, institution etc./अभ्यारण्य के वन्यजीव को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(d) Adoption of the birds of birdhouse to the general public, institution etc./पक्षीशाला के पक्षियों को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : पशु प्रेमी या दाताओं की सुविधा के लिए 'कैप्टिव एनीमल स्पॉन्सरशिप स्कीम' राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किया गया है। इस स्कीम के तहत कोई व्यक्ति या संस्था जैविक उद्यानों के वन्यजीव को गोद ले सकता है।

1814. कार्तिक महीने में चन्द्रभागा पशु मेला राजस्थान में किस स्थान पर आयोजित होता है?

(a) झालावाड़ (b) झालरापाटन
(c) केशवरायपाटन (d) सीताबड़ी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : राजस्थान के झालरापाटन में चंद्रभागा पशु मेला लगता है। यह प्रति वर्ष कार्तिक माह में लगता है। यहाँ का पशुमेला पशुपालन विभाग की देखरेख में आयोजित किया जाता है। पशुमेला के साथ-साथ हस्तकला प्रदर्शनी, कपड़ा, काष्ठ वस्तुएं भी मिलती हैं।